
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

26 मई 2025

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

मनुष्य का सबसे बड़ा यदि कोई शत्रु

है तो वह है उसका अज्ञान।

**चाणक्य**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

26 मई

## मधु प्रिया

# सुशील कुमार का जन्म 26 मई




दिल्ली के नजफगढ़ इलाके एक गाँव बापरोला में 26 मई 1983 में जन्मे सुशील के पिता का नाम दीवानसिंह और माता का कमला है। सुशील तीन भाईयों के परिवार में सबसे बड़े है। इन्होंने बपरोला स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा की फिर दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि हासिल की लेकिन सुशील कुमार बहुत पहले से ही सतपाल (पहलवान) से जुड़ गए थे, जिन्होंने उसके कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सुशील कुमार भारत के एक कुश्ती पहलवान हैं जो 2012 के लंदन ओलंपिक में रजत पदक, 2008 के बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर लगातार दो ओलम्पिक मुकाबलों में व्यक्तिगत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। 2008 ओलम्पिक में 66 किग्रा फ्रीस्टाइल में कजाखिस्तान के लियोनिड स्प्रिडोनोव को हरा कांस्य पदक जीत कर उन्होंने 56 साल बाद 1952के इतिहास को एक बार फिर से दोहराया। जब यह पदक महाराष्ट्र के खशाबा जाधव ने जीता था। सुशील, सतपाल पहलवान का शिष्य है। 2010 तथा 2014 राष्ट्रमण्डल खेलों में उसने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

# जन्मदिन विशेष 26 मई

# अरुणा रॉय



**अरुणा रॉय** *Aruna Roy*, जन्म- 26 मई, 1946, चेन्नई) भारत की उन महिलाओं में से एक हैं, जो बेहतर सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ राजनीति में भी सक्रिय रूप से क्रियाशील हैं। इन्हें राजस्थान के ग़रीब लोगों के जीवन को सुधारने और इस दिशा में किये गए उनके प्रयासों के लिए विशेष तौर पर जाना जाता है। भारत में सूचना का अधिकार लागू करने के लिए उनके द्वारा किये गए प्रयत्न और योगदान प्रशंसनीय हैं। अरुणा रॉय राजस्थान के राजसमंद ज़िले में स्थित देवडूंगरी ग्राम से सम्पूर्ण भारत में संचालित 'मज़दूर किसान शक्ति संगठन' की संस्थापिका और अध्यक्ष हैं।

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## हमें वलयाकार चन्द्रग्रहण नहीं दिखाई देता है, क्यों?

क्योंकि 400,000kmकी दूरी पर पृथ्वी की छाया का व्यास चन्द्रमा के व्यास का लगभग तीन गुना है। इसलिए वलयाकार चन्द्रग्रहण कभी भी दिखाई नहीं देता है।




Madhu priya




# TOB



# खेल कॉर्नर

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम

### बल्लेबाज



शुभमन गिल (कप्तान)



यशस्वी जायसवाल



अभिमन्यु ईश्वरन



केएल राहुल



करुण नायर



साई सुदर्शन

### विकेटकीपर बल्लेबाज



ऋषभ पंत



ध्रुव जुरेल

### पेस बॉलिंग ऑलराउंडर



नीतीश रेड्डी



शार्दूल ठाकुर

### स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर



रवींद्र जडेजा



वाशिंगटन सुंदर

### तेज गेंदबाज



जसप्रीत बुमराह



मोहम्मद सिराज



प्रसिद्ध कृष्णा



आकाश दीप



अर्शदीप सिंह

### स्पेशलिस्ट स्पिनर



कुलदीप यादव

# Teachers Of Bihar

## The Change Makers

# ToB News

## "टीचर्स ऑफ बिहार" बना शिक्षकों की आवाज और बदलाव का मंच, फेसबुक पर जुड़े 70 हजार से अधिक सदस्य

बिहार जागरण / राकेश कुमार




- छह वर्षों से शिक्षा में नवाचार की मिसाल बना मंच
- डिजिटल माध्यम से शिक्षक-छात्रों के लिए तैयार कर रहा बेहतर शैक्षिक वातावरण
- टीम के समर्पण और शिक्षकों के सहयोग से हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

**पटना।** बिहार की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की नई इबारत लिखने वाला डिजिटल प्लेटफॉर्म "टीचर्स ऑफ बिहार – द चेंज मेकर्स" आज राज्य के साथ-साथ पूरे देश में शिक्षक समुदाय के बीच अपनी विशेष पहचान बना चुका है। फेसबुक पर 70,000 से अधिक सक्रिय सदस्यों वाला यह समूह अब बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी बन गया है। यह मंच शिक्षकों और छात्रों के लिए विगत छह वर्षों से लगातार प्रेरणा, नवाचार और शैक्षणिक सहयोग का केंद्र बना हुआ है। यह समूह हर दिन अपने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचार, शैक्षणिक गतिविधियाँ और शिक्षण सामग्री साझा करता है, जिससे सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। संस्थापक शिक्षक शिव कुमार (पटना) ने इस उपलब्धि पर समूह के एडमिन और मॉडरेटर टीम की मेहनत को सराहा और इसे टीम वर्क का नतीजा बताया। टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने कहा कि बिहार की शिक्षा में दिख रहा बदलाव इस समूह की साझा कोशिशों का फल है। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार और प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से सभी शिक्षकों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि की बधाई दी और कहा कि "टीचर्स ऑफ बिहार" शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले हर शिक्षक की आवाज बन चुका है। उन्होंने आह्वान किया कि अधिक से अधिक शिक्षक इस मंच से जुड़ें और बदलते बिहार, बेहतर शिक्षा के लक्ष्य को साकार करने में भागीदार बनें।

Mritunjay

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 26.05.2025

## चेतना अनुभव

चेतना अनुभव का अर्थ है किसी चीज को महसूस करना, समझना या अनुभव करना। यह एक व्यक्ति के विश्व के वास्तविक अनुभव को संदर्भित करता है, जिसमें उसके विचार, भावनाएं, संवेदनाएं और निर्णय लेने की क्षमता शामिल है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



प्रांस की एक कंपनी ने दुनिया की पहली फ्लाइंग बाइक लॉन्च की है जो हवा में 100 km/h की स्पीड से उड़ सकती है।

# पद्य पंकज

"

मिट्टी का गहरा अंधकार,
डूबा है उसमें एक बीज।
वह खो न गया, मिट्टी न बना
कोदों, सरसों से क्षुद्र बीज।
उस छोटे उर में छिपे हुए,
है डाल-पात औ' स्कन्द-मूल।
गहरी हरीतिमा की संसृति
बहु रुप-रंग,फल और फूल।

**सुमित्रा नंदन पंत**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# ToB बूझो तो जानें..



543

एक पैर है काली धोती, जाड़े में वह हरदम सोती
गर्मी में है छाया देती, सावन में वह हरदम रोती
...बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार



पादप प्रजनक और कृषि विज्ञानी, जिन्होंने दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक के रूप में और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पहले महानिदेशक के रूप में कार्य किया

# बेंजामिन पीरी पाल

के जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 26 मई 1906 - मृत्यु- 14 सितंबर 1989

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारत की एक राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता, मैगससे पुरस्कार, मेवाड़ सेवाश्री पुरस्कारों से सम्मानित, निर्धन लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये किये गये प्रयास के लिये विशेष रूप से बिख्यात

# अरुणा राय

के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

जन्म- 26 जून 1946




www.teachersofbihar.org